अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 2 अगस्त 2025
श्रावण शुक्ल-अष्टमी/नवमी
विक्रम संवत-2082

PAGE NO.- 06 : BOTTOM

# प्रयागराज की इशिता ने बरेली की अलंकृति को दी मात



टेबल टेनिस टूर्नामेंट के शुभारंभ पर खेलते खिलाड़ी। स्रोत : संस्था

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। श्रीराम मूर्ति कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में शुक्रवार को 12वें श्रीराम मूर्ति मेमोरियल एवं तृतीय यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आगाज हुआ। जूनियर बालिका (अंडर-17) वर्ग द्वितीय राउंड में इशिता रावत (प्रयागराज) ने अलंकृति अग्रवाल (बरेली) को 11-4, 11-6, 11-5 से हराया।

सब-जूनियर बालक (अंडर-15) वर्ग प्री-क्वार्टर फाइनल में केशव खंडेलवाल (आगरा) ने वंश गुप्ता (गाजियाबाद) को 11-5 से हराया। मनित भट्ट (गौतमबुद्ध नगर) ने रुद्र मिश्रा (गाजियाबाद) को 11-5, 11-5, 11-1 से, आर्यन श्रीवास्तव (गौतमबुद्ध नगर) ने अथर्व शर्मा (प्रयागराज) को 11-6, 11-3, 4-11, 11-9 से, लक्ष्य कुमार (लखनऊ) ने अनयराज वर्मा (इटावा) को 11-4, 11-5 से मात दी।

सब-जूनियर बालिका (अंडर-15) प्री क्वार्टर फाइनल में साक्षी तिवारी (लखनऊ) ने पहल गुप्ता (आगरा) को 11-6, 9-11, 11-8, 7-1, 11-9 से हराया, अंकिता मिश्रा (आगरा) ने इनाया फातिमा (आगरा) को मात दी, अंशिका गुप्ता (प्रयागराज) ने श्रेया को पराजित किया। अक्षिता (गाजियाबाद) ने प्रेक्षा तिवारी (कानपुर) को, अनोखी (वाराणसी) ने अमाया सिंह (लखनऊ) को 11-2 से हराया।

युवा बालक (अंडर-19) वर्ग तृतीय राउंड में आर्यन कुमार (प्रयागराज) ने वेद यादव (आगरा) को 7-11, 11-7, 11-9, 11-6 से हराया, चित्रांश शाक्य (कानपुर) ने युवान पांडे (गौतमबुद्ध नगर) को, अंकित पाल (प्रयागराज) ने शौर्य गोयल (लखनऊ) को मात दी।

जूनियर बालिका (अंडर-17) वर्ग द्वितीय राउंड में याशिका तिवारी (गाजियाबाद) ने जिया (वाराणसी) को 11-2, 11-3, 11-2 से हराया, सारा ढींगरा (गौतमबुद्ध नगर) ने अमाया सिंह (लखनऊ) को हराया। श्रेया कुकरेती (गौतमबुद्ध नगर) ने धान्या खंडेलवाल (आगरा) को हराया। इससे पूर्व श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के सलाहकार सुभाष मेहरा ने फीता काटकर व बरेली टेबल टेनिस संघ के सचिव दीपेंद्र कमथान, मुख्य निर्णायक अंतरराष्ट्रीय व देश के पहले रैकेट कंट्रोलर अंतरराष्ट्रीय रेफरी अमित सिंह, टूर्नामेंट डायरेक्टर एनके लाहिरी, टूर्नामेंट के डिप्टी रेफरी पीके जैन मौजूद रहे।